हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 2 फरवरी 2024

13 युवा संसद में छात्रों ने विपक्ष की आवाज को बंद करने...



14 सब डिपो के भवन पर लगाए 7 करोड़ रुपये...



## खबर संक्षेप



नारनौल। स्कूल बस पर रिफलेक्टर लगाते हुए। फोटो : हरिभूमि

### सड़क सुरक्षा संगठन ने लगाए रिफ्लेक्टर

**नारनौल।** सड़क सुरक्षा संगठन ने वीरवार को क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण के सहयोग से रेहड़ी, ट्रैक्टर-ट्रॉली व लगभग 50 टू व्हीलर पर फ्री रिफ्लेक्टर टेप लगाए। संगठन के उपप्रधान सफी मोहम्मद ने कहा कि रिफ्लेक्टर टेप अंधेरे या धुंध में रोशनी पड़ने पर चमकती है। धुंध में रात्रि के समय वाहन नजर नहीं आते तथा दुर्घटना होती है। रिफ्लेक्टिव टेप लगाने से दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है।

### नांगल नूनिया के सरपंच जयसिंह का मातृशोक

**नांगल चौधरी।** नांगल नूनिया के सरपंच जयसिंह की माता सरस्वती देवी का निधन हो गया है। मृतक का पैतृक गांव में दाहसंस्कार किया गया है, विभिन्न गांवों के पंचायत प्रतिनिधि व गणमान्य लोग शामिल हुए हैं। परिजनों ने बताया कि बीती रात सरस्वती 90 वर्ष को छाती में दर्द हुआ था। अस्पताल लेने जाने से पहले ही दम तोड़ दिया।

### प्रजापति महासभा की बैठक 9 को सिहमा में

**मंडी अटेली।** राष्ट्रीय प्रजापति महासभा जिला इकाई की कार्यकारिणी बैठक 9 फरवरी को सिहमा के बाबा खेतानाथ पार्क में प्रातः 10 बजे राष्ट्रीय सचिव एवं जिला अध्यक्ष विजय सिंह प्रजापति की अध्यक्षता में की जाएगी। जानकारी देते हुए महासभा के सचिव अशोक कुमार खोवाल ने बताया कि इस बैठक में जिला कार्यकारिणी में फेरबदल किया जाएगा।

### डीसी कार्यालय में कार्यरत क्लर्क के मकान में चोरी

**नारनौल।** उपायुक्त कार्यालय में कार्यरत महिला क्लर्क शादी समारोह में शामिल होने बाहर गई थी। वापस आने पर घर के दरवाजे का ताला टूटा मिला। चोर आभूषण व कैश लेकर गए है। पीड़िता की शिकायत पर सिटी पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ आईपीसी की धारा 380,457 के तहत केस दर्ज किया।

# फरवरी माह में बीपीएल राशन कार्डधारकों को प्रति सदस्य 3.5 किलो बाजरा व डेढ़ किलो मिलेगा गेहूं

- एएवाई राशन कार्डधारकों को प्रति परिवार 20 किलो मिलेगा बाजरा, 15 किलो वितरित होगा गेंहू
- फरवरी माह में प्रदेश के 4486954 राशन कार्डधारको को केंद्र सरकार की ओर से 339999 .47 क्विंटल व राज्य सरकार की ओर से 305246 क्विंटल वितरित किया बाजरा
- फरवरी माह में नए राशनकार्ड धारकों को भी मिलेगा अनाज, प्रदेश में बने है 31917 नए राशन कार्ड, प्रदेश में जनवरी माह में थे 4455037 राशन कार्डधारक

**ये हैं लाभुकों के आंकड़े**

| जिला | कुल कार्ड | केंद्र सरकार | राज्य सरकार | कुल बाजरा |
|---|---|---|---|---|
| अंबाला | 187745 | 13866.22 | 12449.42 | 26316.24 |
| भिवानी | 221499 | 16467.51 | 14784.42 | 31251.79 |
| दादरी | 87729 | 6502.69 | 5838.01 | 12340.70 |
| फरीदाबाद | 323567 | 22852.19 | 20516.36 | 43368.55 |
| फतेहाबाद | 187390 | 14190.37 | 12739.91 | 26930.28 |
| गुरुग्राम | 181726 | 11788.69 | 10583.71 | 223.72.40 |
| हिसार | 326861 | 24143.22 | 21675.43 | 45818.75 |
| झज्जर | 148044 | 10726.97 | 9630.51 | 20367.48 |
| जींद | 229996 | 18042.25 | 16198.06 | 34240.31 |
| कैथल | 197226 | 15144.77 | 13596.76 | 28741.53 |
| करनाल | 266935 | 20043.46 | 17985.35 | 38019.21 |
| कुरूक्षेत्र | 173806 | 13130.18 | 11788.09 | 24918.27 |
| महेंद्रगढ़ | 160089 | 11960.22 | 10737.71 | 22697.93 |
| मेवात | 237861 | 23500.31 | 21098.23 | 44598.54 |
| पलवल | 210035 | 17006.13 | 15267.86 | 32273.99 |
| पंचकूला | 76350 | 5926.69 | 5320.90 | 11247.59 |
| पानीपत | 226293 | 17477.99 | 15691.48 | 33169.47 |
| रेवाड़ी | 144887 | 10653.56 | 9564.61 | 20218.17 |
| रोहतक | 170049 | 12429.69 | 11159.19 | 23588.88 |
| सिरसा | 257537 | 19026.19 | 17081.44 | 36107.63 |
| सोनीपत | 237636 | 17538.96 | 15746.22 | 33285.18 |
| यमुनानगर | 229805 | 17590.61 | 15792.60 | 33383.21 |
| कुल | 4486954 | 339999.47 | 305246.53 | 645246.00 |

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

प्रदेश के बीपीएल राशन कार्डधारकों को फरवरी माह में प्रति सदस्य 3.5 किलो बाजरा व डेढ़ किलो गेहूं वितरित किया जाएगा। वहीं एएवाई राशन कार्डधारकों को प्रति परिवार 20 किलो बाजरा तथा 15 किलो गेंहू वितरित किया जाएगा। खाद्य आपूर्ति विभाग की ओर ऑनलाइन बाजरे की ऑनलाइन एलोकेशन जारी कर दी गई हैं। प्रदेश के 4486954 राशन कार्डधारकों फरवरी माह में 645246 क्विंटल बाजरा वितरित किया जाएगा। बता दें कि आबंटन को लेकर विभाग ने आनलाइन व्यवस्था की है। एएवाई लाभार्थी परिवार को 35 किलो अनाज वितरित किया जाता हैं। वहीं बीपीएल परिवार को प्रति सदस्य 5 किलो अनाज वितरित किया जाता हैं। जनवरी माह में एएवाई परिवार को 17 किलोग्राम बाजरा व 18 किलोग्राम गेहूं तथा बीपीएल परिवार को प्रति व्यक्ति 2.5 किलोग्राम गेहूं व 2.5 किलोग्राम बाजरा वितरित किया गया था। गेंहू की स्टॉक कम पड़ने पर लाभार्थियों को बाजरा वितरित किया गया था।

### फरवरी माह में बने 31917 नए राशन कार्ड

प्रदेश में जनवरी में माह में 4455037 राशन कार्डधारक को राशन वितरित किया गया था। अब विभाग की परिवार पहचान पत्र के आधार पर 31917 नए राशन कार्ड बनाए गए हैं। इन राशन कार्डधारकों को फरवरी माह में राशन वितरित किया जाएगा। प्रदेश के अंबाला जिले में 1468, भिवानी में 1308, दादरी में 660, फरीदाबाद में 2451, फतेहाबाद में 953, गुरुग्राम में 775, हिसार में 1322, झज्जर में 1678, जींद में 1876, कैथल में 2360, करनाल में 1965, कुरुक्षेत्र में 923, महेंद्रगढ़ में 851, मेवात में 1456, पलवल में 1754, पंचकूला में 274, पानीपत में 1909, रेवाड़ी में 1015, रोहतक में 1320, सिरसा में 1690, सोनीपत में 2848 व यमुनानगर में 1061 नए कार्ड बने हैं।

## 81.54 लाख अनुमानित लागत से वाटर टैंक व उपकरण लगाए जाएंगे

# ट्रामा सेंटर में लगेगा फायर सेफ्टी सिस्टम, टेंडर किए आमंत्रित

- ट्रामा सेंटर में फायर सेफ्टी सिस्टम लगाने के लिए बोलीदाता को 13 फरवरी तक करना होगा आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

जिला नागरिक अस्पताल में बनाए गए लोक निर्माण विभाग (भवन व सड़क) द्वारा बनवाए गए ट्रामा सेंटर में फायर सेफ्टी सिस्टम लगवाया जाएगा। इसके लिए पीडब्ल्यूडी ने टेंडर मांगा है। इच्छुक बोलीदाता को 13 फरवरी तक विभागीय वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। फायर सेफ्टी सिस्टम की अनुमानित लागत 81.54 लाख रुपये निर्धारित की गई है। इस ट्रामा सेंटर के चालू होने से क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं में और वृद्धि एवं समृद्धि हो सकेगी। उल्लेखनीय है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहरलाल ने अपनी सरकार की पहली टर्म में नारनौल में 200 बैड के अस्पताल एवं ट्रामा सेंटर निर्माण की घोषणा की थी और नवंबर 2019 में जिला अस्पताल परिसर में ट्रामा सेंटर के भवन के निर्माण के लिए 656.41 लाख की राशि मंजूरी प्रदान की थी। इस ट्रामा सेंटर के निर्माण कार्य का जिम्मा लोक निर्माण विभाग के कंधों पर डाला गया था। जिस पर लोक निर्माण विभाग ने टैंडर अलॉट किए और जिला अस्पताल में मोहल्ला रावका की तरफ बने पुराने (स्टॉफ) क्वार्टरों को तोड़कर वहां ट्रामा सेंटर के लिए दो मंजिला भवन का निर्माण शुरू किया गया। इसके ग्राउंड फ्लोर पर 13062 वर्ग फुट व प्रथम फ्लोर के लिए 9332 वर्ग फुट की जगह कवर की गई। इस भवन के अंदर ही अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरण सुविधा व पुलिस पोस्ट भी होगी। भवन में चारों ओर किसी भी तरफ से आवागमन करने के लिए 18 फुट चौड़ी सड़क का निर्माण किया जाना है। फिलहाल ट्रामा सेंटर का दो मंजिला भवन बनकर तैयार है और इसमें फायर सेफ्टी सिस्टम लगाने के लिए टेंडर आमंत्रित किए गए हैं। फायर सिस्टम के तहत इस भवन में एक वाटरटैंक बनाया जाएगा तथा सभी तलों एवं कक्षों में आग बुझाने के उपकरण लगाए जाएंगे। यह कार्य पूर्ण होने उपरांत पीडब्ल्यूडी विभाग इस बिल्डिंग को स्वास्थ्य विभाग के सुपुर्द कर देगा। भवन हेंडओवर होने के बाद स्वास्थ्य विभाग आवश्यक स्वास्थ्य उपकरण/इंफ्रास्ट्रेक्चर तैयार किया जाएगा तथा चिकित्सकों एवं स्टॉफ की नियुक्ति होगी, जिसके उपरांत ट्रामा सेंटर मूल रूप से चालू हो सकेगा।



नारनौल। नागरिक अस्पताल परिसर में बनी ट्रामा सेंटर की बिल्डिंग। फोटो : हरिभूमि

### सीढ़ियों के अलावा लिफ्ट भी लगेगी

प्रथम फ्लोर पर जाने के लिए सीढ़ियां एवं रैम्प की सुविधा तो होगी ही, साथ में लिफ्ट की भी व्यवस्था होगी। यहां ट्रामा सेंटर की सुविधा शुरु होने पर सड़क दुर्घटनाओं में घायल लोगों को समय पर बेहतर चिकित्सा सुविधा मिल सकेगी। इससे जिले में दुर्घटना केसों में होने वाली मौतों पर अंकुश लगेगा। वहीं गंभीर बीमारियों से पीड़ित दूसरे मरीजों को भी सभी बीमारियों की जांच सुविधा व बेहतर उपचार सुविधा मिल सकेगी।

### ट्रॉमा सेंटर में होंगी आधुनिक सुविधाएं

नागरिक अस्पताल में बनाए जा रहे ट्रामा सेंटर में ट्रामा वार्ड, वैटिंग रूम, पुलिस पोस्ट, सिटी स्कैन रूम, अल्ट्रासाउंड, लैबोरेटरी, एक्स-रे रूम, पेशेंट अटैंड रूम, चिकित्सक रूम, नर्सिंग चेंजिंग रूम, ऑपरेशन थियेटर, एमओपी, ऑब्जेक्शन रूम, रैम्प व शौचालय की भी सुविधा होगी। इसमें दो वार्ड, स्टाफ रूम, स्टोर, किचन, ड्राइनिंग रूम, ओपन एरिया, तीन चिकित्सक रूम व दो प्राइवेट रूम भी होंगे।

### यह होंगी चिकित्सा सुविधाएं

इस ट्रामा सेंटर में ऑथारेपेडिक्स के साथ-साथ स्किन, सर्जरी, न्यूरोसर्जरी, मेडिसिन डाक्टर्स, नर्सेज, पैरामेडिकल स्टाफ, अटेंडेंट के अलावा एमआरआई, डायग्नॉस्टिक लैबोरेट्री, सर्जिकल उपकरण व दवाइयों आदि की सुविधा होगी।

**यह कहते हैं अधिकारी :** उप सिविल सर्जन एवं निर्माण शाखा के इंचार्ज डा. विजय सिंह यादव ने बताया कि ट्रामा सेंटर की बिल्डिंग बनकर तैयार है। इसमें फायर सेफ्टी सिस्टम लगना है। इसके बाद पीडब्ल्यूडी इस बिल्डिंग को स्वास्थ्य विभाग को हैंडओवर कर देगा।

**फायर के लिए मांगें हैं टेंडर :** लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता अश्विनी कुमार ने बताया कि ट्रामा सेंटर के भवन का निर्माण लगभग पूरा हो चुका है। अब इसमें फायर सेफ्टी सिस्टम लगाया जाएगा, जिसके लिए टेंडर आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक बोलीदाता विभागीय वेबसाइट पर ऑनलाइन कर सकते हैं। 13 फरवरी के बाद बीड खुलेगी और जो श्रेष्ठ बोलीदाता होगा, उसको यह कार्य दे दिया जाएगा।



महेंद्रगढ़। समझौता ज्ञापन हस्तांतरित करते हुए विश्वविद्यालय व आईसीएआई के अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

# हकेंवि एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट संस्थान के साथ एमओयू

## शैक्षणिक गतिविधियों को मिलेगा बढ़ावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय और भारतीय चार्टेर्ड अकाउंटेंट संस्थान नई दिल्ली ने सहयोगात्मक अनुसंधान और शैक्षणिक गतिविधियों पर समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। विश्वविद्यालय कुलपति प्रोफेसर टंकेश्वर कुमार ने कहा कि इससे आपसी साझेदारी का उद्देश्य वाणिज्य एवं लेखांकन के क्षेत्र में अनुसंधान और शिक्षा के प्रसार को बढ़ावा देना है। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के बीच समझौता ज्ञापन पर विश्वविद्यालय की ओर से कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार तथा आईसीएआई की ओर से डॉ. जय कुमार बत्रा ने हस्ताक्षर किए। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि यह समझौता ज्ञापन दोनों संस्थाओं के बीच में सहयोग बढ़ाने में मददगार साबित होगा। समझौता ज्ञापन विद्यार्थियों के प्रशिक्षण, राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठियों, कार्यशालाओं के आयोजन, कौशल विकास, अनुसंधान और शैक्षणिक गतिविधियों के संचालन में पारस्परिक सहयोग से दोनों संस्थाओं को मजबूती प्रदान करेगा भारतीय चार्टेर्ड अकाउंटेंट संस्थान देश का प्रमुख प्रोफेशनल संस्थान है, जो वाणिज्य और लेखांकन के क्षेत्र में पेशेवर दक्षता को बढ़ावा देने में उत्कृष्ट है। दोनों संस्थाओं के बीच हुए एमओयू के संदर्भ में आईसीएआई के अध्यक्ष अनिकेत सुनील तलाटी ने कहा कि हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के साथ इस साझेदारी के माध्यम से हमारा उद्देश्य वाणिज्य के नवीन पाठ्यक्रम के संचालन एवं पाठ्यक्रम निर्माण में वाणिज्य एवं लेखांकन शिक्षा के क्षेत्र में अनुसंधान और प्रशिक्षण को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की ओर से प्रो. रंजन अनेजा, अधिष्ठाता बिजनेस एंड मैनेजमेंट, डॉ. राजेंद्र प्रसाद मीना, विभागाध्यक्ष, वाणिज्य विभाग तथा आईसीएआई की ओर से आईसीएआई के सचिव डॉ. जय कुमार बत्रा बोर्ड ऑफ स्ट्डीज के अध्यक्ष सीए विशाल दोशी, उपाध्यक्ष सीए दयानिवास शर्मा एवं सीए ज्योति बत्रा उपस्थित रहे।

# हमें पानी की बर्बादी को रोकना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग एवं जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन की ओर से वीरवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांवड़ी जाट में जल संरक्षण के बारे में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्कूली छात्रों ने जल संरक्षण पर जागरूकता रैली भी निकाली। इस अवसर पर खंड संसाधन संयोजक अशोक कुमार ने कहा कि वर्तमान समय में पेयजल एक गंभीर समस्या बनती जा रही है। उन्होंने कहा कि हमें जल का सही उपयोग कर पानी की बर्बादी को रोकना चाहिए। उन्होंने कहा कि धरती पर जीवन के अस्तित्व को बनाए रखने के लिए जल का संरक्षण और बचाव बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि हर नागरिक में जल संरक्षण के लिए जागरूकता लानी होगी तभी जल को बचाया जा सकता है। युवा मित्र से समाजशास्त्री सोनम यादव व पुष्पा कुमारी ने जल संरक्षण की शपथ दिलाई।मौके पर विद्यालय के कार्यकारी प्राचार्य अशोक कुमार, मानसिंह, डीपीई राजेंद्र, फाइन आर्ट अध्यापक अशोक कुमार, विशन दयाल, भगत सिंह, राधेश्याम, अनिल कुमार, रविकुमार, महेश शास्त्री, ममता आदि मौजूद थे।



नारनौल। जल संरक्षण जागरूकता रैली को रवाना करते डीपीई राजेंद्र। फोटो : हरिभूमि

### 27 हजार कैश व एटीएम कार्ड चुराकर निकाले 50 हजार, नामजद पर केस

**नारनौल।** शहर में बाइपास पर एक धर्मकांटा के मालिक ने एक नामजद युवक पर कैश व एटीएम कार्ड चोरी कर 50 हजार रुपये निकालने का आरोप लगाया है। इस शिकायत पर पुलिस ने नामजद युवक के खिलाफ आईपीसी की धारा 380 के तहत केस दर्ज किया है। गांव रघुनाथपुरा वासी राकेश कुमार ने महावीर पुलिस चौकी में शिकायत दी है कि गांव से बाहर निकलकर बाइपास पर काटां और दुकान बना रखी है। दुकान गांव के ही लड़के को किराए पर दी हुई है। शिवम सिंह नेगी उत्तराखण्ड का रहने वाला है। जोकि उस दुकान पर काम करता था।

# गांव चलो अभियान के प्रदेश संयोजक ने ली बैठक

- अभियान की सफलता को लेकर भाजपा ने एक संयोजक व दो सहसंयोजक नियुक्त किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

गांव चलो आभियान के प्रदेश संयोजक पूर्व विधायक लाडवा डा. पवन सैनी का पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस पहुंचने पर जिला अध्यक्ष दयाराम यादव एवं जिला संयोजक यतेंद्र राव ने शॉल ओढ़ाकर व गुलदस्ता देकर स्वागत किया। इस अवसर पर गांव चलो अभियान की जानकारी देते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष दयाराम यादव ने बताया कि कार्यक्रम के प्रदेश संयोजक डा. पवन सैनी है। जिले में एक संयोजक व दो सहसंयोजक नियुक्त किए गए हैं। जिले के उपाध्यक्ष यतेंद्र राव गांव चलो अभियान के संयोजक हैं। मुकेश शर्मा व अरुण को सहसंयोजक नियुक्त किया गया है। महामंत्री राजेंद्र यादव को भी नियुक्त किया गया है। जिला अध्यक्ष ने बताया की डा. पवन पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में बैठक लेने आए हैं। गांव चलो अभियान के निमित जिले में 781 बूथ है। इनके लिए 15 कार्यकर्ता मंडल के शिक्षक के रूप में जींद में जाएंगे। जींद में तीन फरवरी को ट्रेनिंग होगी व वापस आकर वे मंडलों में प्रशिक्षण देंगे। गांव चलो अभियान के प्रदेश संयोजक डा. पवन कुमार ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, जगत प्रकाश नड्डा के दिशानिर्देशानुसार देश भर में लाखों बूथों पर लाखों प्रवासी कार्यकर्ता 24 घंटे के लिए जाएंगे। ठीक इसी प्रकार मुख्यमंत्री मनोहर लाल व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी प्रदेश के सभी बूथों पर जाएंगे।

24 घंटे का प्रवास हरियाणा में भी होगा। इस 24 घंटे के लिए राष्ट्रीय स्तर पर तैयारी हो चुकी है। प्रदेश स्तर की कार्यशाला हो चुकी है। जिला स्तर पर कार्यशाला 27 जनवरी हो चुकी है। अब मंडल स्तर पर कार्यशाला होनी है। सात फरवरी को पूरे प्रदेश के 311 मंडलों की बैठक होगी।



नारनौल। बैठक करते भाजपा कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

## आवेदक अब सात फरवरी तक कर सकेंगे ऑनलाइन आवेदन

# हकेंवि में पीजी पाठ्यक्रमों में बढ़ी आवेदन की तिथि

- विस्तृत जानकारी विवि के वेबसाइट पर उपलब्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में 26 दिसंबर 2023 से आरंभ हुई दाखिले के लिए आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। विश्वविद्यालय संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी) पीजी 2024 के अंतर्गत स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों आवेदन की अंतिम तिथि 31 जनवरी से बढ़ाकर अब सात फरवरी कर दी गई है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि आवेदन के लिए बढ़ाई गई तिथि से और अधिक आवेदकों को विश्वविद्यालय में प्रवेश पाने का अवसर मिल सकेगा। विश्वविद्यालय में सीयूईटी-2024 के नोडल ऑफिसर डॉ. केशव सिंह रावत ने बताया कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के माध्यम से स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में दाखिले हेतु विभिन्न विश्वविद्यालयों के लिए संयुक्त प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आयोजित होने वाली प्रवेश परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया अब सात फरवरी तक चलेगी। विश्वविद्यालय में सत्र 2024-25 के अंतर्गत स्नातकोत्तर स्तर पर विश्वविद्यालय के आठ स्कूलों के विभिन्न विभागों में 41 डिप्लोमा व डिग्री पाठ्यक्रम अध्ययन हेतु उपलब्ध हैं। इन पाठ्यक्रमों में दाखिले के इच्छुक विद्यार्थी अब सात फरवरी तक ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। आवेदन व इससे संबंधित विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है।



महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय का भवन। फोटो : हरिभूमि

# पवन कुमार वाल्मीकि बने ब्लॉक प्रधान

- ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन की बैठक में सर्वसम्मति से लिया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन की बैठक वीरवार को खंड कार्यालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता रवि बिड़लान ने की। बैठक में सर्वसम्मति से पवन कुमार वाल्मीकि को ब्लॉक प्रधान चुना गया है। प्रधान पवन कुमार वाल्मीकि ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेवारी मिली है वह बेखूबी निभाएंगे तथा कर्मचारियों की हक मांगों पर कभी पीछे नहीं हटेंगे। प्रधान ने कहा कि वर्ष 2008 से गांवों में सफाई कर्मचारी अपने कार्यों को सुचारू रूप से करते आ रहे हैं। अब 17 साल के इस लंबे समय के बाद सरकार ने एक भी कर्मचारी को पक्का नहीं किया है। गांवों के सफाई कर्मचारी गंदगी को साफ करते हुए खुद बीमार हो रहे। तथा कुछ साथी अपनी जान जोखिम में डालकर कार्य करते है। लेकिन हरियाणा सरकार उनकी मांगों पर अभी तक कोई विचार नहीं किया है। उन्होंने सरकार से मांग की है कि ग्रामीण कर्मचारियों को सफाई के आधुनिक उपकरण, सेफ्टी उपकरण, ग्लाउज, मास्क, साबुन आदि उपलब्ध करवाए जाए। इसके अलावा वर्ष 2020 से पीएफ, ईएसआई वेतन से लगातार काटा जा रहा हैं। इसलिए कर्मचारियों को जरूरत पड़ने पर इसकी सुविधा उपलब्ध नही हो पा रही। इस मौके पर रवि बिड़लान, पवन मालड़ा, अनिल मालड़ा, सोनू, सतबीर भगड़ाना, अशोक, पप्पू, सोनू, कृष्ण, पूनम देवी व सुमन देवी आदि उपस्थित रहे।



महेंद्रगढ़। नवनियुक्त प्रधान को माला पहनाकर स्वागत करते हुए। फोटो : हरिभूमि

एडवाइस / शिखर चंद जैन


कुछ बच्चे एग्जाम के दिनों में बहुत ज्यादा स्ट्रेस में आ जाते हैं। वे एग्जाम प्रिपरेशन को लेकर घबराए रहते हैं। अगर तुम्हारे साथ भी ऐसा है तो हम तुम्हें एग्जाम की प्रिपरेशन के लिए कुछ टिप्स दे रहे हैं। इन्हें अमल में लाकर तुम जब प्रिपरेशन करोगे, तुम्हें कोई स्ट्रेस नहीं होगा, तुम बहुत आसानी से अपने एग्जाम की प्रिपरेशन कर सकोगे।



# जब ऐसे करोगे प्रिपरेशन नहीं रहेगी एग्जाम की टेंशन

बच्चों, एनुअल एग्जाम शुरू होने वाले हैं। शायद तुम्हें घबराहट हो रही होगी। लेकिन जब तुम कुछ बातों को ध्यान में रखोगे, डिसिप्लिन के साथ अपना डेली रूटीन अपनाओगे तो तुम्हें कोई टेंशन नहीं होगी। जानो, एग्जाम की सही ढंग से प्रिपरेशन कैसे हो?

**रोज का बनाओ टाइम टेबल:** बच्चों, आज का काम कल पर टालना और तैयारी का सारा बोझ अंतिम समय पर डालना, ये दोनों बहुत बड़ी




गलतियां हैं। ऐसा कभी मत करो। अभी से रोज सुबह, दोपहर और शाम का टाइम टेबल बनाकर अपने सभी विषयों की पढ़ाई करो। जिस विषय में तुम कमजोर हो, उसे ज्यादा समय दो। इसी तरह जिनमें ठीक-ठाक तैयारी हो, उन्हें थोड़ा-सा कम समय देने से भी काम चलेगा। रोज पढ़ाई करने से फायदा यह होगा कि तुम्हें अपना सिलेबस बोझ नहीं लगेगा। तुम्हारे पास जब पर्याप्त समय रहेगा तो तुम सभी विषयों की तैयारी अच्छी कर सकोगे।

**सभी पाठ्य सामग्री साथ रखकर पढ़ाई करो:** हड़बड़ी में हमेशा गड़बड़ी होती है। इसलिए तुम्हें पूरी तरह व्यवस्थित, शांत और संयत रहना चाहिए। अपने पढ़ने की एक जगह फिक्स कर लो। जब भी पढ़ने बैठो, विषय से संबंधित सारी किताबें, कॉपियां, पेन, पेंसिल, रेफरेंस बुक्स आदि साथ में लेकर बैठो ताकि तुम्हें बार-बार उठना ना पड़े। बार-बार बीच में किताबें या कॉपियां ढूंढ़ने से पढ़ाई का तारतम्य और एकाग्रता टूटती है। साथ ही समय नष्ट होता है। ऐसे में कई बार पढ़ने का मन भी नहीं करता है।

**लिखकर याद करो:** कई बार किसी टॉपिक को पढ़ने के बाद हमें यही लगता है कि वो हमें याद हो गया, लेकिन वास्तव में ऐसा होता नहीं है। सिर्फ पढ़ लेने से विषय को लंबे समय तक याद रखना संभव नहीं है। बेहतर यही होगा कि जो तुम पढ़ते हो, उसे एक-दो दिन बाद अपनी कॉपी में लिखने की आदत डालो। इससे तीन फायदे हैं। पहला फायदा, सब्जेक्ट का रिवीजन हो जाएगा। दूसरा फायदा, तुम्हारे अलग नोट्स तैयार हो



जाएंगे, जो किताबी भाषा से अलग होंगे। तीसरा फायदा, पढ़ते समय तुम सब्जेक्ट को रटने की बजाय समझने की कोशिश करो, क्योंकि तुम्हें एग्जाम में लिखना होगा।

**स्टिकी नोट्स की भी हेल्प लो:** कुछ ऐसे सब्जेक्ट और इनसे जुड़ी बातें ऐसी होती हैं, जिन्हें बच्चे बार-बार भूल जाते हैं। जैसे किसी के लिए इतिहास में लिखे महत्वपूर्ण साल और तारीखें याद करना मुश्किल हो जाता है, तो किसी के लिए भूगोल में भौगोलिक स्थानों की ऊंचाई वगैरह, जबकि कुछ विद्यार्थियों के लिए मैथ के फार्मूले याद करना मुश्किल होता है। ऐसे में स्टिकी नोट्स बनाकर अपनी स्टडी टेबल की सामने वाली दीवार या बेडरूम के साइड की दीवार पर एक जगह चिपका दो। दिन में कई बार इन पर नजर पड़ेगी, तो तुम्हें इन्हें याद रखने में आसानी रहेगी।

**पेपर सॉल्व करने की प्रैक्टिस करो:** कई बच्चे ऐसे होते हैं, जिन्हें पूरे क्वेश्चन पेपर के उत्तर मालूम होते हैं, लेकिन एग्जाम हॉल में उत्तर लिखते समय कुछ सवालों पर ज्यादा समय दे देते हैं। इससे कुछ प्रश्नों के उत्तर आते हुए भी छूट जाते हैं। ऐसे में एग्जाम हॉल में टाइम मैनेजमेंट के लिए घर पर ही पूरी तैयारी करो। अपने सामने घड़ी रखकर पिछले साल के पेपर सॉल्व करो। इससे तुम्हारी प्रैक्टिस हो जाएगी और लिखने की गति को समय के साथ मिलान करने की आदत भी पड़ जाएगी। *

### कॉमिक स्ट्रिप भी एक अच्छा ऑप्शन



अगर तुम क्रिएटिव नेचर के हो, अकसर अपनी पेंसिल से ड्रॉइंग वगैरह करते रहते हो, तो अपनी इस कला का इस्तेमाल एग्जाम की तैयारी में कर सकते हो। तुमने दिनभर में जो-जो पढ़ा है, शाम को उसकी मुख्य बातों को कॉमिक स्ट्रिप की तरह बनाओ। इससे रिवीजन होने के साथ-साथ तुम्हें मुख्य बिंदु याद रहेंगे। इनका इस्तेमाल तुम एग्जाम हॉल में जाने से पूर्व अंतिम समय में उत्तर याद करने के लिए कर सकते हो। *

क्या तुम जानते हो / नयनतारा

# सर्दी में भी हरा-भरा क्यों रहता है देवदार का पेड़

बच्चों, तुमने पाइन यानी देवदार का पेड़ देखा होगा। यह पेड़ गर्मी के दिनों में ही नहीं, सर्दी के मौसम में भी हरा-भरा रहता है। सर्दी में जहां दूसरे पेड़ों की पत्तियां पीली होकर गिर जाती हैं, वहीं देवदार के पेड़ की पत्तियां हरी-भरी ही रहती हैं। ऐसा क्यों होता है, तुम जानना चाहोगे। बच्चों, यह जानने के लिए पहले तुम्हें पेड़ों में पत्तियों की भूमिका को समझना होगा। पेड़ों पर पत्तों के अनेक काम होते हैं। इनमें से पहला काम है, पेड़ों के लिए भोजन बनाना। पत्ते हवा से कार्बन डाइऑक्साइड गैस लेते हैं, जबकि मिट्टी से पानी और खनिज। पत्तों की क्लोरोफिल सूरज से ऊर्जा लेती है, फिर कार्बन डाइऑक्साइड और पानी को शुगर में बदल देती है। पत्तों में जो शुगर बनती है, वह पेड़ का बुनियादी फूड होती है।

बच्चों, पत्ते तो बहुत अधिक पानी लेते हैं। लेकिन पानी का बहुत छोटा हिस्सा ही फूड बनाने के काम में आता है। पत्तों की सतह पर जो लाखों छोटे-छोटे छिद्र होते हैं, उनमें से अधिकतर पानी भाप बनकर उड़ जाता है। जाड़ों में पेड़ों को जमीन से मिलने वाली वाटर सप्लाई बहुत कम हो जाती है। इसलिए इस सीजन में अधिकांश पेड़ अपने पत्ते गिराकर खुद को



'लॉक अप' कर लेते हैं ताकि पत्तों के जरिए वह अपना पानी ना खोएं।

बच्चों, कुछ पेड़ों में अलग प्रकार की पत्तियां होती हैं। इनमें देवदार भी शामिल है। इसकी पतली और सुईं जैसी पत्तियां होती हैं, जिन पर मोटी मोम जैसी परत होती है। इसलिए देवदार के पेड़ पर पत्तियां अनेक वर्षों तक लगी रहती हैं। जब इसकी पत्तियां गिरती हैं तो कुछ समय में ही नई पत्तियां निकल आती हैं। इस तरह देवदार पेड़ की शाखें कभी भी बिना पत्तों के नहीं होती हैं। *

### बूझो तो जानें




1
सर्दी में वह तन को भाए,
खूब मजे से हमें सुलाए।
र और जाई से मिलकर बनती
बोलो वो क्या कहलाए।।

2
हल्की सर्दी में तन को भाए,
यात्रा में भी काम यह आए।
लो और ई में छिपा है राज,
जल्दी बताओ बच्चों मेरा नाम।।

3
आधी बांह का, पूरी का भी,
तन पर पहनें सब सर्दी में।
बच्चे हों, जवान या बूढ़े,
मिलता यह अनेक रंगों में।।

4
सब कपड़ों के ऊपर पहनें,
सर्दी के मौसम में आता काम।
वकील मुझे हर ऋतु में पहनें,
बोलो क्या है मेरा नाम।।

-राकेश चक्र

उत्तर: 1-रजाई, 2-लोई, 3-स्वेटर, 4-कोट

### जीके क्विज-90



1. हाल में किस फिल्म एक्ट्रेस को पद्म विभूषण सम्मान दिए जाने की घोषणा की गई?
2. एक घंटे में पृथ्वी कितने देशांतर घूमती है?
3. भारत का सबसे लंबे हाईवे का क्या नंबर है?
4. सबसे बड़ा अंडा किस पक्षी का होता है?
5. दुनिया का सबसे बड़ा फल कौन सा है?
6. वर्ल्ड हिप्पो-डे कब मनाया जाता है?
7. विश्व का सबसे बड़ा महासागर कौन-सा है?
8. हाल में किसने नौवीं बार बिहार के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली?
9. भारत का प्रथम नागरिक कौन होता है?
10. टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में सर्वाधिक शतक लगाने का रिकॉर्ड किसके नाम है?

बच्चों, जीके क्विज-90 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-89 का उत्तर :** 1-फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉं, 2-बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर, 3-इरविन एंफीथिएटर (अब मेजर ध्यानचंद स्टेडियम), 4-दो वर्ष 11 माह 18 दिन, 5-सन् 1999, 6-परमवीर चक्र, 7-23 जनवरी, 8-चंडीगढ़, 9-पंजाब, 10-केरल

**जीके क्विज-89 का सही उत्तर देने वाले :** शिवम-रायपुर, चेतन-बालोद, गौरव-रोहतक, सुरेश-बिलासपुर, कविता-भोपाल, मंजू-दिल्ली, नरेंद्र-रायपुर

### हंसगुल्ले

**टीचर-** रोहित, बताओ आई डोंट नो का क्या मतलब होता है?
**रोहित-** मैडम, मैं नहीं जानता।
**टीचर-**बिल्कुल सही जवाब।
रोहित मन ही मन बहुत खुश हुआ। **-मुकेश, भोपाल**

**गोलू-** दर्दनाक का क्या मतलब होता है?
**गप्पा-** जिसके नाक में दर्द हो, वह दर्दनाक होता है।
**-अभिषेक, रायपुर**

**सोनू-** पापा, मुझे कंप्यूटर सीखना है।
**पापा-** चलो, पहले माउस पकड़ना सीखो।
**सोनू-** लेकिन माउस तो बिल्ली पकड़ती है!
**-खुशी, महेंद्रगढ़**



कहानी
संतोष उत्सुक

आभास को लगता था कि देवी मां से प्रार्थना करने से उसे परीक्षा में अच्छे अंक मिल जाएंगे। एक रात उसे देवी मां ने सपने में दर्शन दिए और बताया कि वास्तव में असली पूजा और प्रार्थना क्या है? जीवन में सफलता सिर्फ पूजा करके नहीं पाई जा सकती। देवी मां ने यह भी बताया सफलता कैसे पाई जा सकती है?

# असली पूजा

आभास अपनी दादी मां के साथ नियमित मंदिर जाया करता है। मंदिर उसके घर के पास ही है। आभास सुबह-सुबह नहा लेता है। दादी मां के साथ मंदिर जाता है। इसके बाद वह स्कूल जाता है।

एक दिन आभास ने दादी मां से पूछा, 'हम मंदिर क्यों जाते हैं?'

'बेटा, मंदिर जाकर हम पूजा और प्रार्थना करते हैं कि देवी मां आप हमारे पढ़ाई, स्वस्थ रहने के प्रयासों में सफलता का आशीर्वाद दें।' दादी ने बताया। आभास को अब यही लगने लगा कि मंदिर जाकर पूजा-प्रार्थना करने से देवी मां उससे प्रसन्न होकर सफलता का आशीर्वाद देंगी, उसे परीक्षा में ज्यादा अंक मिलेंगे। आभास की मम्मी एक स्कूल में अध्यापिका थीं। वह उसे अकसर ही समझातीं, 'बेटा, मंदिर जाकर देवी मां से प्रार्थना करना अच्छी बात है, लेकिन इसके साथ-साथ मन लगाकर पढ़ाई करना भी जरूरी है।'

आभास मम्मी की बात सुनकर थोड़ा दुविधा में रहता। परीक्षा से कुछ दिन पहले आभास अपनी दादी मां, मम्मी-पापा और छोटी बहन अनुभूति के साथ देवी मां की पूजा करने मंदिर गया।

मंदिर परिसर में बहुत लंबी लाइन लगी हुई है। उसने देखा उसके सहपाठी भी अपने मम्मी-पापा के साथ आए हुए हैं। अपना नंबर आने पर देवी मां की प्रतिमा के सामने आकर उसने हाथ जोड़कर, आंखें बंद कर, पूरे मन से प्रार्थना की, 'देवी मां, आप अपना आशीर्वाद दें कि परीक्षा में मुझे अच्छे अंक मिलें।'

रात को आभास की मम्मी ने स्वादिष्ट पकवान बनाए। सभी ने साथ बैठकर खाया। सोते समय आभास के दिमाग में कहीं यह बात थी कि वह बचपन से अपनी दादी के साथ देवी मां के मंदिर जा रहा है। जरूर वह उससे प्रसन्न होकर परीक्षा में ज्यादा अंक प्राप्त करने का आशीर्वाद देंगी।

यह क्या! रात में उसके सामने मुस्कुराती देवी मां प्रकट हुईं और बोलीं, 'बेटा, तुम बचपन से



मंदिर में आकर मेरी पूजा करते रहे हो। उससे मैं बहुत प्रसन्न हूं। तुम्हें पढ़ाई में सफलता और हमेशा स्वस्थ रहने का आशीर्वाद देती हूं। लेकिन इन दोनों के लिए तुम्हें स्वयं भी कोशिश करनी होगी। जीवन में मेहनत बहुत जरूरी है, क्योंकि तुम्हारा निरंतर मेहनत करना ही मेरी असली पूजा है। तुम एक विद्यार्थी हो, मेहनत और लगन से पढ़ना ही तुम्हारा पहला कर्तव्य है। तुम्हें रोज सुबह जल्दी उठना चाहिए। मन लगाकर खूब पढ़ना चाहिए, साथ में व्यायाम भी करना चाहिए। मैं तुम्हारी मेहनत और लगन को अपनी पूजा के रूप में स्वीकार करूंगी और हमेशा सफलता का आशीर्वाद देती रहूंगी।'

सुबह जब एकाएक आभास की आंखें खुलीं तो समझ में आ गया कि सपने में देवी मां ने उसे दर्शन दिए हैं। उसने अपना सपना दादी मां और मम्मी को बताया। दादी मां भी बोलीं, 'बेटा, भगवान उसकी सहायता करते हैं, जो अपनी सहायता आप करते हैं। देवी मां ने तुम्हें मेहनत करने की प्रेरणा और आशीर्वाद दिया है, क्योंकि मेहनत ही असली पूजा है।'

आभास के मन में अब कोई दुविधा नहीं थी। उसे समझ आ गया था कि मेहनत ही असली पूजा है। *

कविता / गोविंद भारद्वाज

# धूप सुहानी



धूप सुहानी आई भैया,
राहत कितनी लाई भैया।
सुबह-सवेरे सर्दी में नित,
सबके मन को भाई भैया।
रवि की बेटी बड़ी सयानी,
बन किरणें धरती पर आती।
छू कर इसका सुनहरा रूप,
शबनम पल में छू हो जाती।
चुपके-चुपके मिल कलियों से,
खिलना उनको है सिखलाती।
उड़ते पंछी नील गगन में,
हौले-हौले उनसे बतियाती।
देख फसल क्यारी-क्यारी में,
मंद-मंद नित ये मुस्काती।
फेरे दिन भर लगा धरा के,
देख-देख सबको इठलाती।
ज्यों बढ़ती जाए शीत लहर,
ये कितनी इतराई भैया।
डाल-डाल, पात-पात पर नित,
दे रंगत खूब दिखाई भैया।

अजब-गजब / अंजू जैन

# आधे कटे संतरे जैसी आकृति वाली बिल्डिंग




बच्चों, तुम्हें संतरा फल जरूर भाता होगा। अगर तुम्हें संतरे के आकार वाली बिल्डिंग दिख जाए तो जरूर चौंकोगे। संतरे के आकार वाली ऐसी बिल्डिंग यूएस के फ्लोरिडा राज्य के किसिम्मी शहर में स्थित है। यह बिल्डिंग आधे कटे संतरे के आकार जैसी दिखती है। इस बिल्डिंग का नाम ऑरेंज वर्ल्ड है। यह एक दुकान की बिल्डिंग है, जिसमें संतरे के स्वाद वाली टॉफियां, चॉकलेट्स, जेली, जूस, संतरे के आकार वाले गिफ्ट आइटम और स्मृति चिन्ह भी बिकते हैं। ऑरेंज वर्ल्ड बिल्डिंग को दूर से देखने पर ऐसा लगता है, जैसे जमीन पर आधा कटा संतरा रखा हो। *


### रंग भरो-143

**रंग भरो-143** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।




गरिमा, भिलाई


भावना, बिलासपुर


साक्षी, भिवानी


अमरीन, रायपुर


प्रभात, बिलासपुर


अकृत, झज्जर

इनके भी चित्र रहे **प्रशंसनीय**

होशिका-बालोद, अवनी-रायपुर, सौम्या-दुर्ग, पूनम-बिलासपुर, पीयूष-भिलाई, पलक-धमतरी, लक्ष्य-रायपुर, रौनक-जांजगीर-चांपा, भावना-बिलासपुर, आयुषी-सक्ती, अमित-बिलासपुर, दिनेश-दिल्ली, यश-भोपाल, राकेश-महेंद्रगढ़, लोकेश-जबलपुर

### रंग भरो 144



बच्चों, यहां पर एग्जाम की तैयारी से जुड़ा एक चित्र दिया गया है, जिसमें दो बच्चियां साथ में स्टडी कर रही हैं। इसको मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम **बालभूमि** में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

### अंग्रेजी शब्द-जाल

बच्चों, नीचे दिए गए इस अंग्रेजी शब्द-वर्ग जाल में पढ़ाई से जुड़े 11 शब्द छिपे हैं। जल्दी से इन्हें खोजकर बताओ।



उत्तर: 1-pencil, 2-notebook, 3-textbook, 4-highlighter, 5-scissors, 6-triangle, 7-globe, 8-compass, 9-backpack, 10-paintbrush, 11-ruler

## खबर संक्षेप


नारनौल। शिक्षक विक्रम सिंह को सम्मानित करते बीईओ अशोक कुमार व स्टॉफ सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### अध्यापक विक्रम सिंह को दी विदाई पार्टी

**नारनौल।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुलताजपुर में सामाजिक अध्यापक विक्रम सिंह की सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार ने शिरकत की। विक्रम सिंह ने वर्ष 2004 में सामाजिक विज्ञान अध्यापक के रूप में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दौचाना से शिक्षा विभाग में पदार्पण किया।


महेंद्रगढ़। देशभक्ति कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### आरपीएस कॉलेज में मनाया शहीद दिवस

**महेंद्रगढ़।** आरपीएस इंजिनियरिंग कॉलेज में वीरवार को इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्यूनिकेशन विभाग द्वारा शहीदी दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत कॉलेज डॉयरेक्टर डॉ. महेश कुमार यादव एवं डीन प्रो. राजेंद्र सिंह यादव ने पुष्पार्पित करते हुए महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी। कॉलेज डॉयरेक्टर एवं डीन ने अपने-अपने विचार प्रस्तुत किए एवं इस तरह के कार्यक्रम के महत्व समझाया।

### दो दिवसीय आईपीएम अभिरुचि प्रशिक्षण

**नारनौल।** कृषि कार्यालय में चल रहे दो दिवसीय आईपीएम अभिरुचि प्रशिक्षण कार्यक्रम का वीरवार को समापन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ उपकृषि निदेशक डा. देवेंद्र सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर डा. देवेंद्र सिंह ने किसानों से अनुरोध किया कि वे अपने पिछली कपास की फसल अवशेष को जलाकर अति शीघ्र नष्ट करके आने वाली कपास की फसल को गुलाबी सुंडी से बचाया जा सकें।

### कांवी स्कूल में जन जीवन मिशन कार्यक्रम आयोजित

**नारनौल।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कांवी में वीरवार को जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की सहायक गैर सरकारी संस्था आईएसए के तत्वावधान में जल जीवन मिशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य धर्मवीर सिंह ने की। इस मौके पर समाजसेवी नित्यानंद यादव विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्राचार्य धर्मवीर सिंह ने विद्यार्थियों को जल के महत्व के पर प्रकाश डालते हुए बताया कि पृथ्वी पर पीने योग्य जल सीमित है, इसलिए जल संरक्षण आवश्यक है।

### पटवारी-कानूनगो की हड़ताल जारी

**कनीना।** वेतन विसंगति में सुधार की मांग को लेकर पटवारी-कानूनगो एसोसिएशन की ओर से तीन जनवरी से शुरू की गई हड़ताल के चलते तहसील कार्यालयों में वीरानी छाई हुई है। हालांकि एफसीआर की ओर से 29 जनवरी को यूनियन के पदाधिकारियों से बैठक कर वार्ता भी की थी, जो बेनतीजा रही थी। अब यह वार्ता दो फरवरी को होने की संभावना है।

### विकसित भारत मिशन की सफलता को आगे आएं

**नांगल चौधरी।** चौधरी बैजनाथ महिला महाविद्यालय में प्राचार्य डा. राष्ट्रपाल यादव की अध्यक्षता में सात दिवसीय एनएसएस शिविर का शुभारंभ रिटायर्ड प्राचार्य डा. राजेश गोयल ने किया। जिसमें एसएनओ दिनेश कुमार व शहीद मेजर सतीश दहिया कॉलेज के प्राचार्य डा. अनिल यादव विशेष रूप से मौजूद रहे। शुभारंभ कार्यक्रम में कैडेटों को समाज में सेवा भावना का संचार करने का संदेश दिया।

## युवा संसद प्रतियोगिता में लोकतंत्र की मजबूती को विद्यार्थियों ने रखें अपने पक्ष

# युवा संसद में छात्रों ने विपक्ष की आवाज को बंद करने जैसे ज्वलंत मुद्दे उठाए

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मंडी अटेली



मंडी अटेली। युवा संसद की कार्यवाही में भाग लेते युवा सांसद व दर्शक गण तथा विजेताओं को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बाछौद में वीरवार को संसदीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार व राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद गुरुग्राम के तत्वावधान में मंडल स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। युवा संसद प्रतियोगिता विद्यालय प्राचार्य भूपसिंह यादव की अध्यक्षता में करवाई गई। युवा संसद में सत्ता पक्ष द्वारा प्रजातंत्र को कमजोर करने के मुद्दों को जोर शोर से उठाया। युवा संसद में चंडीगढ़ मेयर चुनाव के अलावा बिहार के सीएम नितीश कुमार को अपने पाले में लाने पर सत्ताधारी केंद्र सरकार की भर्त्सना की गई। केंद्र सरकार द्वारा संविधान को कमजोर करने जैसे मुद्दों के अलावा अन्य मसलों पर भी चर्चा हुई। अध्यक्ष के आगमन से लेकर शोक संदेश, नए सदस्यों को शपथ ग्रहण, नए मंत्रियों का परिचय, प्रश्न काल, शून्य काल, राज्यसभा से प्राप्त संदेश, विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव, विदेशी मेहमानों का स्वागत, ध्यानाकर्षण प्रस्ताव, बिल सदन के पटल पर रखना व विधेयक को पारित करवाने आदि विषयों से संबंधित गतिविधियों को चरणबद्ध तरीके से पूर्ण किया गया। युवा संसद में प्रतिभा यादव ने स्पीकर, मुस्कान ने प्रधानमंत्री, कविता ने प्रतिपक्ष नेता व योगिता ने महासचिव की भूमिका को बखूबी से निभाया युवा संसद में प्रश्नकाल, शून्य काल व विधेयक बिल पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोंक-झोंक हुई, जिसमें विपक्ष ने सरकार को घेरते हुए पुरानी पेंशन बहाली, स्वास्थ्य, चिकित्सा, सड़क, कृषि, नई शिक्षा नीति, महंगाई, बेरोजगारी व भ्रष्टाचार जैसे गंभीर मुद्दे उठाए। जवाब में संबंधित मंत्रालयों के मंत्रियों व प्रधानमंत्री द्वारा सकारात्मक जवाब दिए गए। साथ ही सरकार महिलाओं को लोकसभा व विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण से संबंधित नारी शक्ति वंदन अधिनियम बिल 2023 लंबी बहस के बाद भारी बहुमत से पास करवाने में सफल रही। युवा संसद में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान माछरौली (झज्जर) से डॉ. जितेंद्र देशवाल ऑब्जर्वर रहे। निर्णायक मंडल में प्रवक्ता कर्मवीर सिंह व सतीश कुमार भारद्वाज शामिल थे। डॉ. जितेंद्र देशवाल आब्जर्वर ने युवा संसद का महत्त्व बताते हुए कहा कि इन कार्यक्रमों के आयोजन से विद्यार्थियों को संसद की गरिमा व देश में कानून किस तरह बनाए जाते हैं और उन्हें किस प्रकार लागू किया जाता है। प्राचार्य भूपसिंह यादव ने कहा कि विद्यार्थियों को विद्यालय में होने वाले सभी कार्यक्रमों विशेष तौर पर युवा संसद जैसे कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए, जिससे उनमें नेतृत्व करने की क्षमता के साथ-साथ अपनी बात को मजबूती से रखने की प्रतिभा का भी विकास होता है। युवा संसद के संयोजक की भूमिका प्रवक्ता योगेश यादव व मंजू लता ने निभाई। इस अवसर पर प्रवक्ता सचिव राधेश्याम, योगेश कुमार, सरिता ग्रोवर, श्रुति पुरोहित, नीलम, विक्रम पीटीआई, संजय सोनी, अनीता यादव एवं समस्त स्टाफ सदस्य, युवा सांसद व विद्यार्थी उपस्थित रहे।


महेंद्रगढ़। नागरिक अस्पताल में बैठक करते हुए। फोटो : हरिभूमि

# चार को आक्रोश रैली में हिस्सा लेंगे कर्मचारी

- सर्व कर्मचारी संघ ने आक्रोश रैली की सफलता को की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महेंद्रगढ़

नागरिक अस्पताल में वीरवार को बैठक हुई। जिसका संचालन एमपीएचई के राज्य वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुकेश चौहान ने किया। इस बैठक में सर्व कर्मचारी संघ से संबंधित विभिन्न विभागीय यूनियन के पदाधिकारियों ने भाग लिया, जिनमें हेमसा राज्य प्रेस सचिव सुजान मालड़ा, गुलजारीलाल, अनिल कुमार, ओमप्रकाश यादव, बलवान सिंह व मीनाक्षी आदि उपस्थित रहे। एमपीएचई एसोसिएशन के राज्य वरिष्ठ उपाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार कर्मचारियों से जो वायदे करके 2014 से सत्ता में आई थी। उन वायदों में से आज तक एक भी वादा पूरा नही किया है। जब भी कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर कोई भी आंदोलन किया तो सरकार ने दमनकारी नीति अपनाकर कर्मचारियों के आंदोलन को तोड़ने का काम किया है। बात चाहे मिनिस्ट्रीयल स्टाफ की हो तो 25 अगस्त 2014 के मंत्रीमंडल के फैसले को नौ वर्ष बीत जाने के बाद भी लागू नही किया है। नगरपालिका, पटवारी एवं कानूनगो एसोसिएशन, रोडवेज, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका, एनएचएम कर्मचारी, आशा वर्कर, सरपंच एसोसिएशन, अस्पताल कर्मचारी, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी, पार्ट टाइम, एजुसेट चौकीदार सहित लगभग सभी विभागों के कर्मचारियों का शोषण किया जा रहा है। हेमसा प्रदेश प्रेस प्रवक्ता ने कहा कि प्रदेश के विभिन्न विभागों में लाखों नियमित पद रिक्त पड़े है। सरकार उन पर रेगुलर भर्ती करने की बजाय हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत भर्ती कर रही है। उन्होंने मांगों का जिक्र करते हुए कहा कि खाली पदों पर नियमित भर्ती करने, रेगुलराइजेशन पॉलिसी बनाकर कच्चे कर्मचारियों को नियमित करने सहित अनेक मांग शामिल है। इसलिए प्रदेश के हजारों कच्चे व पक्के कर्मचारी अपनी मांगों को पूरा करवाने के लिए चार फरवरी को रोहतक की रैली में पहुंचकर आक्रोश जताएंगे।

## छात्रों को धूम्रपान न करने की शपथ दिलाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नारनौल


नारनौल। शपथ लेते स्कूल के विद्यार्थी।

यदुवंशी शिक्षा निकेतन थनवास में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत राजकीय चिकित्सालय नांगल चौधरी की चिकित्सक टीम की ओर से धूम्रपान से होने वाले नुकसान पर जानकारी दी गई। इस अवसर पर टीम में शामिल डा. प्रवीण, डा. कविता, डा. भावना, डा. अर्चना ने बच्चों को अच्छे स्वास्थ्य के बारे में जानकारी दी। डा. प्रवीण ने बच्चों को धूम्रपान के नुकसान के बारे में बताते हुए कहा कि धूम्रपान से शरीर में बहुत से रोग हो जाते है तथा व्यक्ति की जल्दी मृत्यु हो जाती है। इस दौरान सभी बच्चों को शपथ दिलवाई गई कि कभी भी धूम्रपान नहीं करना चाहिए। स्कूल डायरेक्टर सुनिता यादव ने भी धूम्रपान के नुकसान पर अपने विचार व्यक्त किए। प्रधानाचार्य रमेश यादव ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया तथा कहा कि विद्यालय में इस प्रकार के जागरूकता शिविर आयोजित किए जाते है। इस मौके पर सीनियर विंग हेड संदीप, मिडिल हेड सुरेश सैनी व स्टॉफ सदस्य मौजूद थे।

## टैगोर स्कूल के विद्यार्थी लीगल लिटरेसी प्रतियोगिता में छाए

- केकू केकू केकू केकू केकू केकू केकू केकू केकू

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महेंद्रगढ़


महेंद्रगढ़। विजेता विद्यार्थी स्कूल स्टाफ के साथ। फोटो : हरिभूमि

शिक्षा विभाग द्वारा खंड स्तरीय लीगल लिटरेसी प्रतियोगिता का आयोजन राजकीय मॉडल स्कूल में किया गया। मीडिया प्रभारी मनीष यादव ने बताया कि टैगोर स्कूल के नौवीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। केमिस्ट्री विषय के प्रवक्ता निशांत शर्मा पीजीटी हेड के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने खंड स्तरीय आयोजित लीगल लिटरेसी प्रतियोगिता में सराहनीय प्रदर्शन किया। इस लीगल लिटरेसी प्रतियोगिता में 11वीं कक्षा से नेहा पुत्री पवन ने स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में प्रथम, खुशी पुत्री अक्षय ने निबंध लेखन प्रतियोगिता में द्वितीय तथा पलक पुत्री प्रदीप ने कविता पाठ में तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्राचार्या डॉ. निशा यादव द्वारा बच्चों को मिठाई व फूलमाला पहनाकर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने बताया कि टैगोर स्कूल हमेशा इस प्रकार की प्रतियोगिता में भाग लेता रहता है।

## महाविद्यालय प्रबंधन ने छात्रा साक्षी व हितेशी को किया



कनीना। विज्ञान प्रदर्शनी में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को सम्मानित करते प्राचार्य व अन्य। फोटो : हरिभूमि

**कनीना।** राजकीय महिला महाविद्यालय उन्हानी की छात्राएं साक्षी व हितेशी के विज्ञान प्रदर्शनी में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर वीरवार को महाविद्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें उन्हें सम्मानित किया गया। यह प्रदर्शनी राजकीय महाविद्यालय नारनौल में आयोजित की गई थी। महाविद्यालय के प्राचार्य डा. विक्रम सिंह ने बताया कि दिनेश कुमार के मार्गदर्शन में भौतिकी विज्ञान के मॉडल सड़क दुर्घटनाओं में मानवीय गलतियां व समाधान को सर्वश्रेष्ठ मॉडल चुना गया। उन्होंने बताया कि प्रदर्शनी में महेंद्रगढ़ व रेवाड़ी जिले विभिन्न महाविद्यालयों के प्रतिभागी शामिल थे। मॉडल छात्राओं की सृजनात्मक

## अंग्रेजी कविता वाचन प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। विजेता बच्चों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

मोदाश्रम मंदिर के सामने मौहल्ला जवाहरनगर में स्थित बचपन प्ले स्कूल में अंग्रेजी कविता वाचन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम आयोजक बचपन हेड रूपाली अरोड़ा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में ग्रेड एलकेजी कक्षा के सभी नन्हे-मुन्ने बच्चों ने भाग लिया तथा अपनी कविताओं के माध्यम से अपने आत्मविश्वास, एक्शन एवं भावों के साथ तुकबंदी की। निर्णायक मंडल के निर्णय अनुसार एलकेजी कक्षा की छात्रा प्राची ने अपनी कविता की शानदार प्रस्तुति देकर प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा क्रिशा और प्रतिका ने क्रमशः द्वितीय एवं तृतीय स्थान हासिल किया। चेयरमैन रमेश सैनी एवं चेयरपर्सन निशा सैनी ने विजेता बच्चों को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य बच्चों में आत्मविश्वास जगाकर उनके कला कौशल और आत्मा अभिव्यक्ति का विकास करना है। अतः इस प्रकार की प्रतियोगिता में सभी बच्चों को भाग लेना चाहिए। इस मौके पर संस्थापक शेरसिंह सैनी, प्राचार्या चित्रा शर्मा, ज्योति शर्मा, प्रवक्ता अमरसिंह सोनी सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## वृद्धावस्था सम्मान भत्ता बढ़ाए जाने का किया स्वागत


दयाराम यादव।

**नारनौल।** भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष दयाराम यादव ने राज्य सरकार की ओर से वृद्धावस्था सम्मान भत्ता बढ़ाए जाने का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि ऐसा करके सरकार ने चुनाव घोषणा पत्र में किया वादा पूरा कर दिखाया है। भाजपा सरकार ने सबका साथ सबका विकास की नीति के तहत यह निर्णय लिया है, जो स्वागत योग्य है। जिला अध्यक्ष दयाराम यादव ने कहा कि भाजपा ने अपने चुनाव घोषणा पत्र में वृद्धावस्था सम्मान भता तीन हजार किए जाने का वादा प्रदेश की जनता से कर रखा था। सत्ता संभालने के बाद सरकार ने एक नियम के तहत हर साल ढाई सौ रुपये की बढ़ोतरी करने का निर्णय लिया और इसके तहत लाभपात्रों को सामान भत्ता मिलता रहा। अब मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में सरकार ने अपने वादे के अनुसार यह वृद्धावस्था सम्मान भता तीन हजार रुपये करने को मंजूरी दे दी है।

## मेधावी विद्यार्थियों को प्रदान की गई महेंद्र सिंह स्कॉलरशिप


मंडी अटेली। चंदपुरा में महेंद्र सिंह की याद में स्कॉलरशिप प्रदान करते हुए। फोटो : हरिभूमि

- स्कॉलरशिप पाकर विद्यार्थियों के खिले चेहरे

**मंडी अटेली।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चंदपुरा में कक्षा दसवीं और 12वीं के टॉप पांच बच्चों को महेंद्र सिंह की याद में स्कॉलरशिप प्रदान की गई। स्कूल के प्रिंसिपल बाबूलाल चंदपुरा, सरपंच उर्मिला, सुजापुर सरपंच पूजा भी विशेष रूप से मौजूद रहे। सीआरपीएफ में कार्यरत विक्रम सिंह द्वारा अपने दिवंगत पिता महेंद्र सिंह की याद में हर साल कक्षा 10 व 12वीं के मेधावी विद्यार्थियों को प्रदान की जाती है। युवा तरुण कुमार ने बताया कि प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के लिए उनके दादाजी की याद में उसके पिता द्वारा स्कॉलरशिप शुरू करने का उद्देश्य बच्चों में प्रतिस्पर्धा की भावना के साथ उनके टेलेंट को निखारना है। प्रतिभाओं को आगे लाकर उनके हौसले को बढ़ाना है। प्राचार्य ने कहा कि आज के विद्यार्थी भविष्य के नागरिक होते हैं। इस तरह की स्कॉलरशिप से समाज के प्रबुद्ध वर्ग को आगे आना चाहिए। इस मौके पर सोमदत्त, महेश, तेजप्रकाश व कर्ण सिंह आदि मौजूद रहे।

## सफल विद्यार्थियों को किया सम्मानित

- यदुवंशी के 15 विद्यार्थियों ने आईआईटी बॉम्बे बिजनेस प्रतियोगिता में पाई सफलता


नारनौल। यदुवंशी स्कूल के विद्यार्थी।

**नारनौल।** इंटरप्रेन्योरशिप सेल आईआईटी बॉम्बे की ओर से स्कूल के छात्रों के लिए बिजनेस मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा छठी से बारहवीं के छात्रों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य उद्यमिता में बढ़ावा देना है। इस प्रतियोगिता में यदुवंशी के 15 छात्रों ने मेधावी सूची में अपना नाम दर्ज करवाकर पूरे भारत में अपना परचम लहराया है। जिसमें दिपेश, मंयक, मुस्कान, हर्षित, नितिका, नवजीत, नीरू, निशांत, आशीष यादव, हिमांशु चोयल, रमन, अंतिम, ख्वाहिश गोयल, पलक व यश यादव शामिल है। यदुवंशी शिक्षा निकेतन के प्राचार्य नरेश यादव ने बताया कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य स्कूली छात्रों में उद्यमिता की भावना को उत्पन्न करना है। इस प्रकार की प्रतियोगिता छात्रों की जिज्ञासा मनोवृत्ति को बढ़ावा देती है। उन्होंने बताया कि विद्यालय में हर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करवाई जाती है, ताकि विद्यार्थी अपनी रूचि के अनुसार अपनी प्रतिभा दिखा सकें। यदुवंशी एकमात्र ऐसा विद्यालय है।

### ओशिन शुक्ला बने नेहरू युवा केंद्र संगठन के स्वयंसेवक

**नारनौल।** केशव नगर निवासी ओशिन शुक्ला पुत्र पवन शुक्ला का चयन युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के अंर्तगत कार्यरत नेहरू युवा केंद्र संगठन में राष्ट्रीय युवा कौर के स्वयंसेवक के रूप में हुआ है। जिला युवा अधिकारी नित्यानंद यादव ने नियुक्ति पत्र सौंपते हुए ओशिन शुक्ला को बधाई दी। जिला युवा अधिकारी ने बताया कि जिलेभर से कुल 18 स्वयंसेवकों

**सूचना**

मै अमर सिंह पुत्र गणेशी लाल वासी गांव दूलोठ जाट तह. नारनौल जिला महेंद्रगढ बयान करता हूं कि मेरा लडका अनिल व उसकी पत्नी रितु कुमारी आए दिन मेरे व मेरे बाकि परिवार के साथ झगडा करते रहते हैं। और मेरे कहने सुनने से बाहर है व ना ही हमारा कोई कहना मानते। इसलिए मै इनको अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में इनसे कोई लेनदेन व व्यवहार करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरी व मेरे बाकि परिवार की कोई जिम्मेवारी नही होगी।

**सूचना**

मै सुमन कुमारी पत्नी प्रवेश वासी गांव नांगतिहाडी तह. नारनौल जिला महेंद्रगढ बयान करती हूं कि मेरी पुत्री अंतिमा जिसकी जन्म तिथि 11.12.2013 है। मेरी पुत्री केंद्रीय विधालय-1 बोकारो झारखण्ड में पढती है उसके स्कूल रिकार्ड में मेरा नाम सुमन देवी लिखा हुआ है जबकि मेरा सही नाम मेरे रिकार्ड अनुसार सुमन कुमारी है। नियमानुसार उसके स्कूल रिकार्ड में मेरा नाम सही किया जाए।

**सूचना**

मै रवि यादव पुत्र सत्य नारायण वासी मोहल्ला गुदडी, पुरानी मण्डी नारनौल तह. नारनौल जिला महेंद्रगढ बयान करता हू कि मेरे हैवी लाईसेंस में मेरे पिता के नाम की स्पेलिंग गलती से SATYA NARYAN दर्ज है जबकि मेरे पिता के नाम की सही स्पेलिंग रिकार्ड अनुसार SATYA NARAYAN है। नियमानुसार ठीक करने का कष्ट करें।उक्त शपथपत्र बिल्कुल सत्य है।

## दौंगड़ा अहीर स्कूल में प्रतिभा सम्मान समारोह का किया गया आयोजन

# प्रदर्शनी में रावमावि दौंगड़ा के छात्र मनीष ने लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नारनौल


नारनौल। प्रतियोगिता के विजेता छात्रा को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

रावमावि दौंगड़ा अहीर के प्रांगण में पारितोषिक वितरण व प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी कनीना डा. विश्वेश्वर कौशिक व विशिष्ट अतिथि खंड संसाधन समन्वयक कनीना दिलबाग सिंह थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य अमर सिंह निमहोरिया ने की। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि ने सरस्वती की प्रतिमा के सामने दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। प्राचार्य व स्टॉफ सदस्यों ने मुख्य मेहमानों का गुलदस्ता व फूलमालाओं से स्वागत किया। समारोह के मुख्य आकर्षण मनीष कुमार को राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी में लाइफ स्किल एवं एनवायरमेंट विषय पर बनाए माडल को पूरे प्रदेश में तृतीय स्थान प्राप्त करने व क्विज प्रतियोगिता में भी प्रदेश में तृतीय स्थान प्राप्त करने पर फूलमाला, प्रशंसा पत्र व ट्रॉफी से सम्मानित किया। इसी तरह राज्य स्तरीय गीता महोत्सव में श्लोकोच्चारण प्रतियोगिता में प्रदेश स्तर पर भागीदारी करने पर कुमारी मनीषा को भी फूलमाला, प्रसंशा पत्र से सम्मानित किया गया। अंग्रेजी प्रवक्ता पवन कुमार जांगिड़ को 75वें गणतंत्र दिवस समारोह पर प्रशासन की ओर से श्रेष्ठ शिक्षक सम्मान प्राप्त करने पर भी फूलमाला व मोमेंटो देकर सम्मानित किया। जिला स्तर एवं प्रदेश स्तर पर साइंस, एनसीसी, सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों के उत्कृष्ट मार्गदर्शन पर विज्ञान अध्यापिका मधु मरोड़िया, एनसीसी कमांडर कैलाश यादव, भूगोल प्रवक्ता रेणु यादव, विजयपाल जेबीटी शिक्षक को फूलमालाओं व ट्रॉफी से सम्मानित किया गया।

### ये रहे विजेता

इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज अपार प्रसन्नता है कि दौंगड़ा अहीर विद्यालय के बाल वैज्ञानिक मनीष कुमार ने एक साथ दो प्रतियोगिताओं में प्रदेश में तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके लिए प्राचार्य अमर सिंह निमहोरिया व समस्त विद्यालय स्टॉफ बधाई का पात्र है। डा. विश्वेश्वर कौशिक ने कहा कि प्राचार्य के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में दौंगड़ा अहीर विद्यालय के विद्यार्थी खंड, जिला एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं।

### नेशनल हाईवे पर कट की मांग को लेकर धरना जारी

**कनीना।** नेशनल हाईवे 152-डी पर सेहलंग-बाघोत के बीच वाहनों के प्रवेश मार्ग बनाने की मांग को लेकर ग्रामीणों की ओर से शुरू किया गया अनिश्चितकालीन धरना वीरवार को 326वें दिन भी जारी रहा। जिसकी अध्यक्षता ओमप्रकाश बागोत ने की। उन्होंने कहा कि सालभर से जारी धरने पर बैठे ग्रामीणों का जोश ठंड में बीमार होने के बाद भी कम होने का नाम नहीं ले रहा है। धरना संघर्ष समिति के अध्यक्ष विजय सिंह ने बताया कि हाड़कंपा देने वाली सर्दी के बीच ग्रामीण कट बनाने की मांग को लेकर धरना स्थल पर डटे हुए हैं। इस मौके पर बाबूलाल, रामकिशन, सूबेदार सुखबीर सिंह, हरिओम पोता, बेड़ासिंह, धर्मपाल सिंह, विजयपाल, मुंशीराम, सूबेसिंह, रघुवीर, सीताराम, रमेश कुमार, मांगेराम, हेमराज, वीरेंद्र आदि रहे।

## खबर संक्षेप

### बजट में प्रत्येक नागरिक का ध्यान रखा गया

**नारनौल।** प्रदेश के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री ओमप्रकाश यादव ने वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण की ओर से लोकसभा में पेश किए गए बजट की सराहना करते हुए कहा है कि बजट में देश के प्रत्येक नागरिक का हर क्षेत्र में ध्यान रखा गया है। यह बजट देश के प्रत्येक लोगों के सर्वांगीण विकास में सहायक होगा।

### एड्स से बचाव के लिए जागरूकता जरूरी

**सतनाली मंडी।** एड्स जागरुकता अभियान के तहत राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में रैड रिबन क्लब व यूथ रेडक्रॉस के तत्वावधान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संयोजिका सुनीता भारद्वाज ने बताया कि इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सतनाली से डा. पंकज यादव ने एचआईवी व एड्स के बारे में बताया।

### चोर ने दुकान के गल्ले से उड़ाए 58 हजार रुपये

**महेंद्रगढ़।** शहर के ऑटो मार्केट स्थित वीटा मिल्क एजेंसी से एक अज्ञात चोर गल्ले से 58 हजार रुपये चोरी करके ले गया है। एजेंसी पर जब यह चोरी की वारदात हुई, तब मालिक शौच के लिए बाहर गया हुआ था। चोरी की सारी वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

### पुलिस ने अवैध शराब बरामद की

**कनीना।** शहर थाना पुलिस ने छापेमारी कर एक व्यक्ति से 12 बोतल अवैध देसी शराब बरामद की है। इस बारे में थाना इंचार्ज कमलदीप राणा ने बताया कि पुलिस टीम ने गश्त के दौरान गुप्त सूचना के आधार पर ककराला रोड स्थित कुएं पर छापेमारी की। पुलिस को आता देखकर कुएं से एक व्यक्ति भागने लगा, जिसे पुलिस कर्मचारियों ने पीछा कर काबू कर लिया।

### रात्रि के समय में धनुंदा से हुई भैंस चोरी

**मंडी अटेली।** अटेली क्षेत्र के गांव धनुंदा में रात्रि के समय में भैंस चोरी हो गई है। पीड़ित ने इसकी शिकायत पुलिस को दी है। पुलिस में दी शिकायत में रविप्रकाश ने बताया कि हम रेलवे लाईन के पास अपने खेत में कुएं पर रहते हैं। 30 जनवरी को अपने पशुओं को कुएं पर बांधकर घर गया। सुबह दूध निकालने पर उठे तो मेरी भैंस नहीं मिली।

## वर्कशॉप की वर्षगांठ पर लोगों ने जताया विरोध

# सब डिपो के भवन पर लगाए 7 करोड़ रुपये हो रहे बेकार

### ढोल-नगाड़े बजाकर व सरकार के प्रति विरोध कर मुख्यमंत्री का पुतला फूंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। सरकार के प्रति नारेबाजी करते शहर के लोग। फोटो : हरिभूमि

बस स्टैंड स्थित नवनिर्मित सब डिपो के वर्कशॉप भवन की तीसरी वर्षगांठ पर वीरवार को शहर के लोगों ने ढोल-नगाड़े बजाकर व सरकार के प्रति विरोध कर मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर का पुतला फूंका है। शहर के लोगों ने सरकार के प्रति अपना रोष जताते हुए जल्द सब डिपो के भवन को शुरू करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि सरकार सब डिपो को बनाकर इसको भूल गई है। करीब सात करोड़ की लागत से बना भवन कंडम होता जा रहा है, लेकिन तीन साल बीत जाने के बाद भी सब डिपो के भवन को शुरू नहीं किया गया है। पीडब्ल्यूडी विभाग व रोडवेज रोडवेज विभाग का तालमेल नहीं होने के कारण सात करोड़ रुपये की यह योजना धरातल पर नहीं उतर पाई है।

वक्ताओं ने कहा कि रोडवेज सब डिपो वर्कशॉप को बने तीन वर्ष पूरे हो गए हैं। सरकार है कि प्रदेश में दो बार जन समर्थन मिलने के बाद भी पिछड़े क्षेत्र को विकास के मामले में आगे बढ़ाने की सोच से दूर नजर आ रही है। बस स्टैंड पर नवनिर्मित वर्कशॉप भवन को शुरू करने के लिए सरकार उदासीन रवैया अपनाएं हुए हैं। एक फरवरी 2021 को सब डिपो स्थापित करने को लेकर बनाए गए वर्कशॉप का निर्माण पूरा कर एजेंसी द्वारा विभाग को चाबी दे दी गई थी, बावजूद इसके सरकारी क्षेत्र के लोगों की चली आ रही दशकों पहले की इस मांग को पूरा करने के लिए तत्पर नजर नहीं आई। उन्होंने कहा कि सरकार ने 15 दिन में इस रोडवेज सब डिपो को शुरू करने के लिए कोई कदम नहीं उठाया तो क्षेत्र में सरकार के खिलाफ अभियान चलाकर चुनाव में बहिष्कार करने का निर्णय लेने को मजबूर हो जाएंगे। इसके लिए सरकार और प्रशासन स्वयं जिम्मेदार होगा। आप नेता डॉ. मनीष यादव ने कहा कि महेंद्रगढ़ क्षेत्र के यात्री दूसरे डिपो की बसों पर पूरी तरह से निर्भर है। वे भी अपने मनमाने तरीके व समय के अनुसार बसे चलाते हैं ना कि महेंद्रगढ़ क्षेत्र के यात्रियों की सुविधा के अनुसार। मौके पर रामौतार सिगड़ा, पूर्व सरपंच सवाई सिंह, गोपीराम अग्रवाल, सुनील रिवासा, रणधीर यादव, ओमप्रकाश,संदीप, सुरत सिंह, सतबीर व रापाल आदि मौजूद थे।

#### नहीं हुआ उद्घाटन

बता दें कि तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने वर्ष 2014 में पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने महेंद्रगढ में प्रस्तावित आईटीआई ग्राउंड में रैली के दौरान क्षेत्र की मांग पर महेंद्रगढ़ बस स्टैंड पर सब डिपो बनाने की घोषणा की थी। घोषणा करने के बाद विधानसभा चुनाव आ गए थे। भाजपा के सत्ता में आने के बाद यह घोषणा ठंडे बस्ते में चली गई। सामाजिक संगठनों लोगों ने वर्ष 2018 में महेंद्रगढ़ बस स्टैंड पर सांकेतिक धरना प्रदर्शन के बाद 21 जुलाई 2019 को पूर्व परिवहन मंत्री कृष्ण पंवार ने महेंद्रगढ़ सब का निर्माण कार्य नारियल तोड़कर शुभारंभ करवाया था और सरकार ने सब डिपो के निर्माण कार्य के लिए छह करोड़ 70 लाख रुपये का बजट मंजूर किया। इसके बाद करीब छह माह तक इसका कार्य लटका रहा। फिर सामाजिक संगठनों द्वारा लघुसचिवालय में जिला उपायुक्त को कई बार ज्ञापन देने पर सब डिपो का निर्माण कार्य शुरू हो पाया। एक फरवरी 2021 को अड्डा इंचार्ज को चांबी सौंप दी गई थी, लेकिन तब से इसका उद्घाटन हीं नहीं हुआ है। कई बार रोडवेज के उच्च अधिकारी सब डिपों की वर्कशॉप का निरीक्षण कर चुके हैं। मार्च 2022 तक 19 कमियां बाकी रह गई थी।

# निजामपुर सब डिविजन की मंजूरी पर खुशी

- जजपा के जिला अध्यक्ष डा. मनीष शर्मा के नेतृत्व में पहुंचे कार्यकर्ता लड्डू बांटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| निजामपुर



निजामपुर। स्व. देवीलाल मूर्ति के समक्ष लड्डू बांटते जिला अध्यक्ष डा. मनीष शर्मा व पार्टी कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

निजामपुर सब डिविजन की मंजूरी के बाद डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला के हस्तक्षेप पर एसडीओ की नियुक्ति के आदेश जारी हो गए है। डिप्टी सीएम के इस प्रयास के बाद नलवाटी व गुजरवाटी में जजपा से जुड़े कार्यकर्ताओं में नई एनर्जी का संचार हुआ है। जजपा से जुड़े कार्यकर्ता वीरवार सुबह जिला अध्यक्ष डा. मनीष शर्मा के नेतृत्व में निजामपुर चौक पर पहुंचे और जननायक ताऊ देवीलाल की मूर्ति पर माल्यार्पण करने के बाद लड्डू बांटकर खुशी को ग्रामीणों के बीच सांझा किया।

इस अवसर पर जजपा जिला अध्यक्ष डा. मनीष शर्मा ने कहा कि भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार ने अप्रैल 2021 में निजामपुर सब डिविजन की मंजूरी दी थी। इससे ग्रामीणों में खुशी का माहौल था। किसी कारण वश उसके बाद यहां एसडीओ की नियुक्ति नहीं हुई। इसी संबंध में नलवाटी व गुजरवाटी के ग्रामीणों और पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ चलकर उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला से मुलाकात की। इस मुलाकात में दुष्यंत चौटाला ने बिजली निगम के एमडी से बातचीत की और निजामपुर सब डिविजन पर एसडीओ की नियुक्ति करने के आदेश दिए। बिजली निगम हिसार के एसई एडमिन ने पत्र जारी किया।

### 1300 से अधिक लाभुकों को लोन मिले

**नारनौल।** मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना प्रदेश सरकार की अहम योजना है। इस गरीब लोगों को फोकस में रखकर तैयार किया गया है। ऐसे में सभी बैंक अधिकारी इस योजना के तहत विभिन्न अंत्योदय मेलों में आए हुए आवेदनों पर कार्रवाई करते हुए जल्द से जल्द लाभार्थियों को लोन दें। यह निर्देश जिला समाज कल्याण अधिकारी अमित शर्मा ने वीरवार को पंजाब नेशनल बैंक के मीटिंग हॉल में मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना की समीक्षा बैठक में दिए। इस बैठक की अध्यक्षता लीड बैंक मैनेजर विजय सिंह ने की। अमित शर्मा ने कहा कि यह योजना सरकार की एक अहम योजना है।

## परीक्षा परिणाम में टॉप 10 स्थानों पर यदुवंशी कॉलेज



**नारनौल।** हाल ही में इंदिरा गाधी विश्वविद्यालय मीरपुर की ओर से बीएससी जूलोजी ऑनर्स के पांचवें सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। ह इस बार भी यदुवंशी डिग्री कॉलेज के विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय रैंक के सभी दस स्थानों पर कब्जा किया। कॉलेज की छात्रा सुप्रिया पुत्री लालचन्द ने 95 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रीति पुत्री शमशेर सिंह ने 93.4 प्रतिशत अंक के साथ विश्वविद्यालय में दूसरा, प्रिया पुत्री लीलाराम ने 92.6 प्रतिशत अंक लेकर विश्वविद्यालय में तीसरा, नवीन पुत्र रामनिवास ने 92.4 प्रतिशत अंक लेकर चौथा, नीरू पुत्री जोगेन्द्र सिंह ने 92.2 प्रतिशत अंक लेकर पांचवां, सरिता पुत्री ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त किया।

## विजय इंटरनेशनल में स्कॉलरशिप टेस्ट

- विद्यार्थियों को 100 प्रतिशत तक स्कॉलरशिप दी जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। विजय स्कूल का भवन। फोटो : हरिभूमि

विजय इंटरनेशनल स्कूल बलाना में चार फरवरी को स्कॉलरशिप टेस्ट का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें विद्यार्थियों को 100 प्रतिशत तक स्कॉलरशिप दी जाएगी।

चेयरमैन विजय यादव टूमना ने बताया कि स्कूल का मुख्य उद्देश्य यही है कि इस क्षेत्र के विद्यर्थियों को अब कोटा व सीकर जाने की जरूरत नहीं रहेगी, क्योंकि विजय इंटरनेशनल स्कूल बलाना में वे सभी सुविधाएं मिलेगी। उन्होंने बताया कि विजय इंटरनेशनल स्कूल में सुंदर एवं सुज्जित कक्षाओं, आधुनिक प्रयोगशाला की व्यवस्था तथा सुरक्षित एवं सुविधाजनक वातावरण की सुविधाएं के साथ-साथ अनुभवी अध्यापक एवं अध्यापिकाएं हैं, जिस कारण विद्यार्थियों के व्यक्तिगत अनुशासन पर विशेष ध्यान दिया जाता है। विजय इंटरनेशनल स्कूल में स्कॉलरशिप टेस्ट चार फरवरी को होने जा रहा है, जिससे उत्कृष्ट छात्रों को एक अवसर मिलेगा तथा अपनी शिक्षा को आगे बढ़ाने के लिए। इस स्कूल का कैंपस पूर्ण रूप से डिजिटल है, जिसमें छात्र-छात्राओं के लिए एसी हॉस्टल की सुविधाएं हैं, स्पेशल कोचिंग क्लासेस, खेलों के लिए स्पेशल कोच की सुविधाएं। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से अपील की है कि चार फरवरी को प्रातः दस बजे से 12:30 बजे तक होने वाले स्कॉलरशिप टेस्ट में अवश्य भाग ले।

## ग्रामीणों ने की बिजली खंभों को हटाने की मांग

- गांव मोहनपुर से गुढ़ा संपर्क मार्ग के बीच में बिजली के लगभग 20 खंभे खड़े होने से परेशानी


हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



नारनौल। बिजली के खंभे हटाने की मांग को लेकर बसपा नेता अतरलाल को ज्ञापन देते प्रदर्शनकारी ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

कनीना उपमंडल के गांव मोहनपुर से गुढ़ा संपर्क मार्ग के बीच में बिजली के लगभग 20 खंभे खड़े होने के कारण यातायात के साधनों के आने जाने में भारी परेशानी हो रही है। मोहनपुर व गुढ़ा के परेशान ग्रामीणों ने पक्का बनाए जा रहे संपर्क मार्ग पर पहुंचकर बीच में खड़े खंभों के पास इक्ट्ठे होकर जोरदार प्रदर्शन कर नारेबाजी की। उन्होंने रोड के बीच में खड़े खंभों को तत्काल हटाने तथा बिजली निगम होश में आओ के जोरदार नारे लगाए। प्रदर्शन की सूचना पाकर प्रजा भलाई संगठन के सुप्रीमो प्रमुख समाजसेवी अतरलाल ने प्रदर्शन स्थल पर पहुंचकर ग्रामीणों की समस्या को सुना।

इस अवसर पर परेशान ग्रामीणों ने उपमंडल अधिकारी बिजली कनीना, अधीक्षक अभियंता बिजली नारनौल, चेयरमैन दक्षिणी हरियाणा बिजली निगम व बिजली मंत्री के नाम ज्ञापन अतरलाल को सौंपकर संपर्क मार्ग के बीच में खड़े बिजली के खंभों को तत्काल हटाकर दूसरी तरफ साइड में स्थानांतरित करने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि मोहनपुर से गुढ़ा जो संपक्र मार्ग बनाया जा रहा है, उस संपर्क मार्ग के बीच में 11 हजार बिजली लाइन के 20 खंभे रोड के बीच में आते हैं। जिसके कारण आवागमन में दुर्घटनाएं होने का अंदेशा बना रहता है। उन्होंने चेतावनी दी कि बिजली निगम ने तत्काल रोड के बीच में खड़े खंभों को तत्काल हटाने की कार्रवाई नहीं की तो ग्रामीण उपमंडल अधिकारी बिजली बोर्ड कनीना का घेराव करेंगे और बड़ा आंदोलन शुरू करने पर मजबूर होंगे। अतरलाल ने तत्काल बिजली निगम के अधिकारियों व बिजली मंत्री को भेजने का भरोसा दिया। इस मौके पर प्रदीप, पवन कुमार, संतोष कुमार, रोशनलाल, मदनलाल, पंकज शर्मा, अजीत सिंह आदि मौजूद थे।



महेंद्रगढ़। विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित करते स्टाफ सदस्य। फोटो : हरिभूमि

## प्रतियोगिता में विजेता छात्रों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

- मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सम्मान समारोह का आयोजन

मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल में वीरवार को एक सम्मान समारोह का आयोजन कर राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल में आयोजित लिगल लिटरेसी विषय पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। कोर्डिनेटर जिले सिंह ने बताया कि राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल में खंड स्तरीय लिगल लिटरेसी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था, जिसमें हमारे स्कूल से मान्यता व रिया ने वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रथम, पीपीटी में भारती व अंकिता ने द्वितीय तथा क्वीज प्रतियोगिता में दिपांशु, भविष्य व निखिल की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त कर स्कूल का नाम गौरवान्वित किया। चेयरमैन सतन सिंह ने कहा कि प्रतियोगिता मनुष्य को शारिरिक व मानसिक रूप से मजबूत करती है, इसलिए प्रत्येक विद्यार्थी को अपनी हार-जीत की परवाह ना करते हुए प्रत्येक गतिविधियों में अपनी भागीदारी अवश्य सुनिश्चित करनी चाहिए। प्रतियोगिता विद्यार्थी को एक अच्छा मंच प्रदान करने का साधन है।

## सादुलपुर तक ही चलेगी दिल्ली-हिसार ट्रेन

- नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के कारण रहेगा रेल यातायात प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सतनाली मंडी



सतनाली मंडी। सतनाली रेलवे स्टेशन। फोटो : हरिभूमि

उत्तर पश्चिम रेलवे के बीकानेर मण्डल पर सादुलपुर-हिसार रेलखंड के मध्य झुम्पा स्टेशन पर नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के चलते रेल यातायात प्रभावित रहेगा। कार्य के चलते अनेक रेलगाड़ियां आंशिक रूप से प्रभावित होंगी जिनमें सतनाली होकर चलने वाली दिल्ली-हिसार व हिसार-रेवाड़ी ट्रेन भी शामिल हैं। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार गाड़ी संख्या 04351 दिल्ली-हिसार ट्रेन दो फरवरी से छह फरवरी तक दिल्ली से प्रस्थान कर सादुलपुर स्टेशन तक ही संचालित होगी और सादुलपुर-हिसार स्टेशनों के मध्य आंशिक रद्द रहेगी।

उन्होंने बताया कि गाड़ी संख्या 04368 हिसार-रेवाड़ी ट्रेन भी दो से छह फरवरी तक हिसार के स्थान पर सादुलपुर स्टेशन से संचालित होगी और हिसार-सादुलपुर स्टेशनों के मध्य आंशिक रद्द रहेगी। इसके अलावा गाड़ी संख्या 04744 लुधियाना-चूरू ट्रेन एक से पांच फरवरी तक लुधियाना से प्रस्थान कर हिसार स्टेशन तक ही संचालित होगी और अर्थात हिसार-चूरू स्टेशनों के मध्य आंशिक रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 04745 चूरू-लुधियाना ट्रेन दो फरवरी से छह फरवरी तक चूरू के स्थान पर हिसार स्टेशन से संचालित होगी और चूरू-हिसार स्टेशनों के मध्य आंशिक रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 14891 जोधपुर-हिसार ट्रेन एक फरवरी से पांच फरवरी तक जोधपुर से प्रस्थान कर सादुलपुर स्टेशन तक ही संचालित होगी।

### बबलू बने यूथ कांग्रेस में प्रदेश सचिव

**नांगल चौधरी।** यूथ कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष बुद्धिराजा ने कार्यकारिणी का पुनर्गठन किया है। जिसमें युवा कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष बबलू यादव को प्रदेश सचिव की जिम्मवारी सौंपी गई है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संगठन मजबूत करने के दिशानिर्देश दिए हैं। संदीप यादव, विकास कुमार, दीपक कुमार, उद्यम यादव, प्रदीप गुर्जर ने कहा कि कांग्रेस एकमात्र राजनीतिक दल है, जिसका लोकतंत्र प्रणाली में अटूट विश्वास है। लोकतांत्रिक व्यवस्था के चलते पार्टी ने जिला व प्रदेश स्तरीय यूथ कार्यकरिणी का गठन किया है। बबलू यादव ने बतौर जिला उपप्रधान रहते हुए संगठन को मजबूत करने में बड़ा योगदान दिया है। जिसको प्रदेश कार्यकारिणी में शामिल करने से संगठन को ताकत मिलेगी।



### जनसंदेश यात्रा के स्वागत के लिए भिवानी गए लोग

**नारनौल।** कांग्रेस की जन संदेश यात्रा की भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र के अंतिम दिन समापन पर भिवानी में यात्रा पहुंचने पर शहर से कांग्रेस नेत्री डा. राज सुनेश यादव व कांग्रेस के पूर्व जिला प्रधान भाई रामसिंह के नेतृत्व में सैकड़ों लोग गए। इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पूर्व जिला प्रमुख भाई रामसिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की जनसंदेश यात्रा से पूरे प्रदेश में परिवर्तन की लहर चल पड़ी है। उन्होंने कहा कि लोग केंद्र में मोदी सरकार व प्रदेश में भाजपा सरकार को बदलना चाह रहे हैं। जिसके चलते लोगों का रूझान अब कांग्रेस पार्टी की तरफ होने लग गया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की जनसंदेश यात्रा से पार्टी का काफी ग्राफ बढ़ा है। डा. राज सुनेश यादव ने कहा कि कांग्रेस की पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कुमारी शैलजा, रणदीप सिंह सुरजेवाला, पूर्व मंत्री किरण चौधरी व पूर्व सांसद श्रुति चौधरी के नेतृत्व में निकाली यात्रा का प्रदेश में लोगों द्वारा पूरे जोश के साथ स्वागत किया जा रहा है। यात्रा जब नारनौल पहुंची थी, तो लोगों ने भी पूरे जोश के साथ स्वागत किया था।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुड्डा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डेंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295738500, 9253681005

## पुलिस ने आरोपितों पर पांच हजार का इनाम घोषित किया

# फरार चल रहे 13 आरोपितों पर पुलिस ने किया इनाम घोषित

- पुलिस की टीमों की ओर से आरोपितों के सभी संभावित स्थानों पर तलाश की गई, लेकिन कोई पता नहीं चल पाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

वारदात के काफी समय बाद भी आरोपितों के फरार होने के चलते पुलिस ने आरोपितों पर पांच हजार का इनाम घोषित किया है। एसपी नितिश अग्रवाल ने पुलिस प्रवक्ता सुमित कुमार के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया कि जिले में भारतीय दण्ड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज अलग-अलग मामलों में 13 आरोपितों पर इनाम घोषित किया गया है। इन मामलों में आरोपित काफी समय बाद भी फरार चल रहे थे। पुलिस की टीमों की ओर से आरोपितों के सभी संभावित स्थानों पर तलाश की गई, लेकिन कोई पता नहीं चल पाया। इसके चलते पुलिस ने आरोपितों को पकड़वाने वाले को पांच हजार का पुरस्कार देने की घोषणा की है।

जिले में विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज मामलों में फरार आरोपितों पर पुलिस ने पांच हजार का इनाम घोषित किया है।

पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि आरोपितों की सूचना देने वाले को पांच हजार का ईनाम दिया जाएगा व उसका नाम पता गुप्त रखा जाएगा। आरोपित बलवान उर्फ बल्लू वासी कारोली पर पांच हजार का इनाम रखा गया है, जिस पर हत्या, रंगदारी व आर्म्स एक्ट के तहत तीन मामले दर्ज हैं। थाना सतनाली में एनडीपीएस एक्ट, डकैती व आर्म्स एक्ट के तहत दर्ज मामले में फरार आरोपित मुकुंद वासी समसपुर व अमन वासी कबीर नगर चरखी दादरी पर पांच हजार का इनाम घोषित किया है। पुलिस ने कपिल वासी मंढाना पर भी इनाम घोषित किया है, जिस पर हत्या, डकैती, मारपीट व आर्म्स एक्ट के तहत तीन मामले दर्ज हैं। वहीं रेप के मामले में फरार आरोपित अजीत मकडावा थाना कोटकाशिम राजस्थान पर पांच हजार का इनाम घोषित किया है। राजस्थान के जिला नीम का थाना के दो आरोपितों विक्रम वासी राईका नाला व धोलाराम उर्फ शल्लो वासी बागवाला पर इनाम घोषित किया है, जो अपहरण व लूट के मामले में फरार चल रहे हैं। थाना निजामपुर के गांव नांगल दर्गु के रहने वाले दो आरोपित ख्याली राम व दीपक, जिन पर हत्या, रंगदारी, मारपीट के चार मामले दर्ज हैं। आरोपितों पर पांच हजार का इनाम घोषित किया गया है। एनडीपीएस एक्ट और एक्साइज एक्ट के मामले में फरार आरोपित सत्यनारायण वासी पाटन पर पांच हजार का इनाम घोषित किया गया है। थाना अटेली के एक्साइज एक्ट के मामले में फरार तीन आरोपित प्रवीण वासी बनार राजस्थान, हरिदास दे वासी कलकत्ता और जगदीश राणा वासी जोधपुर राजस्थान पर पांच हजार का इनाम घोषित किया गया है।

प्रवक्ता ने बताया कि विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज मामलों में रार चल रहे आरोपितों पर पुलिस महानिरीक्षक दक्षिण रेंज रेवाड़ी राजेंद्र कुमार की ओर से प्रत्येक आरोपित पर पांच हजार का इनाम रखा गया है। पुलिस अधीक्षक नितिश अग्रवाल ने जनता से अपील की है कि उपरोक्त आरोपितों की सूचना देने वाले को पांच हजार का इनाम दिया जाएगा और उसका नाम पता गुप्त रखा जाएगा। उपरोक्त आरोपितों के बारे में कोई सूचना है, तो वह सीआईए नारनौल, सीआईए महेंद्रगढ़ को सूचित करें।